दिनांकः 16.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य को समृद्ध, संपन्न और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया है। श्री मिश्र आज जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के स्थापना दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति अपनाते हुए भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। श्री मिश्र ने भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की चर्चा करते हुए कहा कि सार्वजनिक सेवा में अपने पद का दुरुपयोग भ्रष्ट आचरण में आता है। उन्होंने ब्यूरो के अधिकारियों को लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरुक करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधाश पंत ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार की शिकायत पर तुरंत निर्णय लेने और तत्काल उस पर कार्रवाई करने को कहा। ब्यूरो के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि ब्यूरो का उद्देश्य पीड़ित व्यक्ति तक सुगम पहुंच बनाना और प्रभावी कार्रवाई करना है। राज्यपाल ने इस अवसर पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित स्थापना दिवस पोस्टर ''जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण" का लोकार्पण किया।

....

जयपुर विकास प्राधिकरण, आज से शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चला जा रहा है। 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में शहर की मुख्य सड़कों और सेक्टर रोड्स सहित अन्य सड़कों पर यातायात में बाधा बन रहे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया जाएगा। इसके तहत आज गोपालपुरा मोड़ से गुर्जर की थड़ी तक करीब तीन किलोमीटर की दूरी में कार्रवाई की जा रही है। कल मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से श्याम नगर थाने से आगे अजमेर रोड पर करीब चार किलोमीटर दूरी तक कार्रवाई की जाएगी।

....

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी आर.ए.एस. (मुख्य) परीक्षा–2023 का आयोजन 20 और 21 जुलाई को किया जाएगा। दो पारियों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच बजे तक आयोजित होने वाली ये परीक्षा अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर जिला मुख्यालयों पर ली जाएगी। आयोग के सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी एसएसओ पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर 17 जुलाई को जारी किए जाएंगे।

....

आज विश्व युवा कौशल दिवस है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसी भी देश और प्रदेश का विकास युवा शक्ति के कौशल पर निर्भर होता है। श्री शर्मा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर बधाई देते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा को कौशल विकास के माध्यम से सही दिशा में लगाकर राष्ट्र का रचनात्मक विकास किया जा सकता है।

....

गुरू पुर्णिमा के अवसर पर गिर्राज धाम में भरने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर डीग जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुटा हुआ है। ये मेला आज से शुरू होकर 22 जुलाई तक चलेगा। जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने बताया कि मेले में राजस्थान और उत्तर प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। राजस्थान की सीमा में पड़ने वाले डेढ़ किलोमीटर परिक्रमा मार्ग में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मार्ग की राजस्थान की सीमा में स्वागत द्वार और विश्राम स्थल बनाए गए हैं, जहां यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जो 24 घंटे काम करेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थाई एंबुलेंस के साथ–साथ पांच बाइक एंबुलेंस भी तैनात की गई हैं।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। कहीं–कहीं भारी बरसात भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर पानी टोंक में बरसा। माउंट आबू में 6, डूंगरपुर के आसपुर, बांसवाडा के सज्जनगढ और उदयपुर के मावली पांच–पांच सेंटीमीटर वर्षा हुई। चित्तौडगढ के भोपाल सागर, प्रतापगढ के छोटी सादड़ी, झालावाड के पिरावा और करौली में तीन–तीन सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। इस बीच, बालोतरा में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। जिले की बायतू तहसील में कुछ गांव में हल्की बरसात के समाचार हैं।

....